हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

10 नवम्बर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति सी. पी राधाकृष्णन तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विस्फोट में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसे अत्यधिक पीड़ा दायक बताया।

2. हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के ३५०वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में आज पिंजौर की पावन भूमि से दूसरी नगर कीर्तन यात्रा शुरू हुई।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यात्रा के शुभारम्भ पर अम्बाला के सरकारी पॉलिटेक्निक का नाम श्री गुरु तेग बहादुर के नाम पर रखने की घोषणा की।

4. हरियाणा के मुख्यमंत्री ने जिला अम्बाला के बड़ागढ़ के खेल परिसर में हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप का शुभारम्भ किया।

5. मुख्यमंत्री ने बड़ागढ़ खेल परिसर में हॉकी ऐस्ट्रो टर्फ और फोर लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का शिलान्यास किया।

6. कैथल की सत्र अदालत ने रिश्वत के एक मामले में एक बिजली कर्मी सहित दो दोषियों को दो साल कैद और बीस हज़ार रुपए जुर्माने की सज़ा सुनाई।

*************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली विस्फोट में मारे गये लोगों के परिजन और मित्रों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उपराष्ट्रपति ने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पीड़ितो की हर संभव सहायता दी जायेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस घटना को अत्यधिक पीडादायक और झकझोर देने वाला बताया है।

**********************************************************************

'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के पावन अवसर पर आज हरियाणा के पंचकूला जिले के पिंजौर की पावन भूमि से दूसरी पवित्र नगर कीर्तन यात्रा का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में गांव गोरखनाथ में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में अरदास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास करते हुए प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सरकारी पॉलिटेक्निक, अंबाला का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी केवल सिख समुदाय या भारत के ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के मानवाधिकारों के प्रथम महानायक हैं। उन्होंने धर्म और देश की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिंजौर से आरंभ की गई यह दूसरी नगर कीर्तन यात्रा, गुरु जी के तप, त्याग, विचार और धर्म रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का व्यापक अभियान है।

उन्होंने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चार पवित्र नगर कीर्तन यात्राएं निकाली जा रही हैं जो हरियाणा के सभी जिलों से गुजरेंगी। इन यात्राओं का समापन 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा। अगले दिन, 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी वर्ष पर कुरुक्षेत्र में महासमागम का आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जिला अंबाला के बाड़गढ़ के खेल परिसर बड़ागढ़ मे हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप-2025 का शुभारम्भ किया। वहीं उन्होंने बड़ागढ़ के आधुनिक खेल परिसर में हॉकी एस्ट्रोट्रफ और 4 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का शिलान्यस भी किया।

इस अवसर पर खेल विभाग के अनेक अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा की खेल नीति के परिणाम स्वरूप ही खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे है पदक भी ला रहे है उन्होने कहा हरियाणा पदक लाने वाले खिलाड़ियो को नौकरी दे रहा है उन्होने मुक्केबाजी में पदक लाने वाली हरनूर कौर को भी सम्मानित किया।

खिलाड़ियों ने हॉकी एस्ट्रोट्रफ सरकार का आभार जताते हुए कहा कि हरियाणा कि खेल नीति के कारण ही हरियाणा के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर पदक  ला रहे है।

*************************************************************************

हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बजट में की गई विभागीय घोषणाओं को निर्धारित अवधि में पूरा करें। श्री राणा आज चंडीगढ़ में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पशुपालन से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ हर पशुपालक तक पहुँचना सुनिच्छित कीय जाए।  उन्होंने राज्य में बकरी और भेड़ के दूध के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष केंद्र स्थापित करने, भेड़ों की उच्च नस्लें बीपीएल परिवारों को नि:शुल्क उपलब्ध कराने और भेड़-बकरी बीमा योजना को अगले वर्ष से पूरी तरह नि:शुल्क करने की समीक्षा भी की। श्री राणा ने कहा कि बकरी का दूध औषधीय गुणों से भरपूर होता है और इसके उत्पादन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया बल मिलेगा।

*************************************************************************

कैथल की सत्र अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डा. नंदिता कौशिक ने आज रिश्वत के एक मामले में एक बिजली कर्मी सहित दो दोषियों को तीन-तीन साल की कैद और 20-20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

इस मामले में एक अन्य आरोपी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया है।

इस मामले में गांव मलिकपुर निवासी जसबीर सिंह ने एस वी बी अंबाला में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत 10 जून 2022 को मामला दर्ज करवाया था। आरोप है कि शिकायतकर्ता से 63 किलो वाट  का नया ट्रांसफार्मर रखने के लिये रिश्वत की मांग की गई थी।

*************************************************************************

पानीपत के आर्य पीजी कॉलेज में आज   राज्यस्तरीय विद्यालय सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ हुआ । तीन दिवसीय इस आयोजन में 22 जिलों के सरकारी विद्यालयों से से 1600 विद्यार्थी भाग लेंगे जो अपनी प्रतिभा दिखाकर लोकनृत्य, गायन और नाटक में प्रस्तुति देंगे।

पानीपत के उपायुक्त डॉ वीरेन्द्र कुमार दहिया ने आयोजन का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा भी मौजूद रहे।

अपने संबोधन में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करते हैं।

उन्होंने कहा कि समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, ताकि वह न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करें।

*****************************************************************

हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा आयोजित 36वें अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता के आज दूसरा दिन 10 मैच खेले गए। हमारी संवाददाता ने बताया कि  दोपहर तीन बजे तक कुल पाँच मैच खेले गए।

हरियाणा और तेलंगाना का मुकाबला 30-30 अंकों के साथ बराबरी पर रहा। केरल और पंजाब के बीच मुकाबले में केरल 42-06 से विजयी रहा

वहीं गुजरात  और पश्चिम बंगाल के मैच  में पश्चिम बंगाल ने 32-20 से जीत दर्ज की।

आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के बीच खेल गया मुकाबला भी रोचक रहा।

तमिलनाडु 34-30 से विजयी रहा, वहीं कर्नाटक और दिल्ली के बीच हुए मुकाबले में कर्नाटक 30-22 से विजयी रहा।

**********************************************************************